जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

16 दिसम्बर, 2022

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने अपने कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का किया आयोजन**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा आज 16 दिसम्बर, 2022 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया| "जामिया कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला" का मुख्य उद्देश्य जामिया के कर्मचारियों को सरल तरीके से हिंदी टाइपिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था ताकि कार्यालय में हिंदी का कार्य करने में स्टाफ को आसानी हो और वह निरंतर अपने कार्यालयी कार्य में हिंदी का ज़्यादा अच्छे ढंग से उपयोग भी कर सकें।

कार्यशाला का आयोजन जामिया के ही एफटीके सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र (सीआईटी) की कंप्यूटर लैब में किया गया। डॉ. राजेश कुमार, हिंदी अधिकारी के स्वागत वक्तव्य के साथ कार्यशाला प्रारम्भ हुई जिसमें निदेशक, सीआईटी डॉ. शाने काज़िम नक़वी ने सीआईटी के बारे में चर्चा करते हुए विषय से संबंधित अपने अनुभव साझा किए।

विषय विशेषज्ञ के तौर पर एफटीके सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र, जामिया के सिस्टम एनालिस्ट श्री अज़ीजउल्लाह ख़ान को आमंत्रित किया गया था, जिन्होने प्रतिभागियों को विषय से संबंधित बारीकियों और उनके अनुप्रयोगों से अवगत कराया, जिसमें प्रतिभागियों ने गंभीर रुचि व्यक्त की, जोकि बीच-बीच मे जारी प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों के माध्यम से स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ, जामिया के हिंदी अनुवादक डॉ. यशपाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया




acer





कार्यशाला
हिन्दी यूनिकोड का प्रयोग
NewVission
Please remember to close the door after entering or leaving.
PUSH/PULL THIS SIDE
Google
acer


acer